(to) the details of Project-wise estimated *cost* amount released and spent so far;

(c) whether the Union Government have released the entire allocated amount; arid

(d) if not the reasons therefor'?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRIMATI URMILABEN CHIMANBHAI PATEL): (a) Kawas Gas Power Project Stage-I (656 MW) and Jhanor-Gandhar Gas Power Project Stage-I (657 MW) of NTPC located in Gujarat have been taken up in the Central Sector for benefits to the States/UTs in the Western Region.

(to) The details of estimated cost and amount spent so far on these projects are as follows:

(Figures in Rs. Crores)

	Estimated Cost	Actual Expenditure till 12/94 (Prov.)
Kawas GPP	1473.05 (III qtr. 94)	1303.99
Jhanor—Gandhar GPP	2500.00 (III qtr. 94)	187.96

(c) and (d) The Union Government has been releasing funds from year to year on the basis of the approved outlays.

विद्युत क्षेत्र में विदेशी निवेश

120. श्री दिलीप सिंह जुदेव : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विद्युत उत्पादन के लिए भारत और कुछ अन्य देशों के बीच हाल ही में कुछ निवेश समझौते किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और समझौतों के निबन्धन और शर्तें क्या हैं;

(ग) क्या इस प्रकार के विद्युत उत्पादन कार्यक्रम गुजरात में भी शुरू किए जाने की सम्भावना है;

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिलाबेन चिमनभाई पटेल) : (क) तथा (ख) वर्ष 1994–95 के दौरान निम्नलिखित छः विद्युत परियोजनाओं के सम्बन्ध में ओवरसीज इकोनोमिक को-ओपरेशन फण्ड ऑफ जापान ने 82205 मिलियन येन की ऋण सहायता हेतु वचनबद्धता की है :

क्र० सं०	परियोजना का नाम	क्षमता	ऋण की राशि (मिलियन येन)
1.	श्रीसैलम लेफ्ट बैंक जल विद्युत केन्द्र परियोजना (चरण-2)	6×150 मे०वा०	22567
2.	श्रीसैलम विद्युत पारेषण प्रणाली परियोजना	—	9546
3.	असम गैस विद्युत केन्द्र एवं पारेषण लाइन निर्माण परियोजना	291 मे० वा०	15821
नई परियोजनाएं :			
4.	बक्रेश्वर ताप विद्युत केन्द्र विस्तार परियोजना	3×210 मे० वा०	8659
5.	पुरुलिया पम्पड स्टोरेज स्कीम परियोजना	4×225 मे० वा०	20520
6.	कोंठागुडेम ताप विद्युत केन्द्र की क्रियाशील अवधि का विस्तार	4×62.5 मे० वा०	5092

उपरोक्त ऋण के सम्बन्ध में ब्याज की दर 2.6 प्रतिशत वार्षिक है और 10 वर्ष की छूट की अवधि समेत ऋण वसूली की अवधि 30 वर्ष है ।

(ग) और (घ) उपरोक्त परियोजनाओं में से कोई भी परियोजना गुजरात राज्य में शुरू नहीं की जा रही है ।

(ङ) विदेशी सहायता हेतु अनुरोध किए जाने के सम्बन्ध में गुजरात राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

सरकारी क्षेत्र की विद्युत परियोजनाओं की लागत वृद्धि

121. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्रों की विद्युत परियोजनाओं की लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त परियोजनाओं की बढ़ी हुई लागत में कमी करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है अथवा किए जाने का प्रस्ताव है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिलाबेन चिमनभाई पटेल) : (क) और (ख) विगत तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ विद्युत परियोजनाओं की लागतें में वृद्धि हुई है । इनमें से कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । इस प्रकार की वृद्धि के कारणों में, अन्य बातों के साथ-साथ में शामिल हैं; स्टील, पीओएल जैसे निवेशों की लागत में वृद्धि होना, उपस्कर और श्रम की लागत में बढ़ोतरी होना, विनिमय दर में भिन्नता, कर और शुल्कों में अभिवृद्धि होना, निर्माण के दौरान ब्याज की राशि (आईडीसी) में वृद्धि होना, कार्य के स्वरूप में परिवर्तन करना और भूमि अधिग्रहण में विलम्ब होना ।

(ग) सरकार/सम्बन्धित क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा समयावधि के नियंत्रण हेतु भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे अन्ततः लागत में वृद्धि होती है । परियोजना स्थलों का दौरा करना उच्च स्तर पर परियोजना प्राधिकारियों और प्रमुख उपस्कर सप्लाईकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित करना, ताकि बाधाओं का पता लगाया जा सके और परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए समुचित उपचारात्मक उपाय किए जा सकें, जैसे उपायों के द्वारा विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की सघन मानिटरिंग की जाती है ।

विवरण

क्र० सं०	परियोजना का नाम	स्वीकृति की तारीख	मूल लागत (करोड़ रुपये में)	संशोधित लागत (करोड़ रुपये में)
1	2	3	4	5
1.	दोयांग एचई परियोजना 3×25 मे०वा० [नागालैण्ड (नीपको)]	मार्च, 1975	56.99	243.82 (अक्तूबर, 1991)
2.	रंगानदी एचई परियोजना अरुणाचल प्रदेश 3×135 मे० वा० (नीपको)	अप्रैल, 1987	312.78	774.11